श्री विश्विकर्मा कौशल विश्विवद्यालय शुरू करेगा ‘सेल्फी विद डॉटर’अभियान

चर्चा में क्यों?

6 जून, 2023 को हरियाणा के पलवल ज़िले में स्थित श्री विश्विकर्मा कौशल विश्विवद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि विश्विवद्यालय द्वारा बेटियों के सम्मान में ‘सेल्फी विद डॉटर’अभियान का शुभारंभ 9 जून को किया जाएगा। ऑनलाइन होने वाले इस समारोह में देश-दुनिया से कई बड़ी हस्तियाँ जुड़ेंगी।

प्रमुख बिंदु

- कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि बेटियों के सम्मान में इस सामाजिक अभियान को बड़ा आयाम देने की पहल की जा रही है। बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उन्हें सम्मान देने के साथ-साथ इस अभियान में एक शपथ भी होगी। इस शपथ के माध्यम से दिव्यांग बेटियों के जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लिया जाएगा।
- ‘सेल्फी विद डॉटर’अभियान के प्रवर्तक सुनील जागलान हैं तथा यह अभियान विशेष तौर पर दिव्यांग बेटियों को समर्पित होगा।
- विदित है कि समाज सेवी सुनील जागलान ने 9 जून 2015 को ‘सेल्फी विद डॉटर’ अभियान की शुरुआत की थी। वह इस बार के अभियान में श्री विश्विकर्मा कौशल विश्विवद्यालय के साथ जुड़े हुए हैं।
- कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से एक अपील भी की जाएगी कि सभी अपनी-अपनी बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करें ताकि लोगों में बेटियों के प्रति नज़रिया बदले। जिनके घरों में बेटियाँ नहीं हैं, उनसे दिव्यांग बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उसे अपलोड करने का आह्वान किया जाएगा।
- ‘सेल्फी विद डॉटर’अभियान की अवॉर्ड विनर रिदम और इस अभियान की ब्रांड एंबेसडर अन्वी भी इस समारोह में हिस्सा लेंगी। इसके अतिरिक्त इस अभियान को नेपाल में प्रोत्साहित करने वाले विक्रम श्रेष्ठ भी ऑनलाइन माध्यम से समारोह का हिस्सा बनेंगे।
- यह होगी शपथ- ‘मैं अपने परिवार और समाज में सभी बेटियों का सम्मान करने का संकल्प लेता/लेती हूँ। मैं संकल्प लेता/लेती हूँ कि जब भी किसी दिव्यांग बेटी से मिलूंगा/मिलूंगी, उसका जीवन बेहतर बनाऊंगा/बनाऊंगी। मैं उसके साथ एक सुंदर सेल्फी लेकर उसे अपने सोशल मीडिया पर अपलोड करके ‘सेल्फी विद डॉटर’अभियान को सफल बनाने में योगदान देने का संकल्प लेता/लेती हूँ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shri-vishwakarma-skill-university-will-start-the-selfie-with-daughter-campaign